## रांची नगर निगम के अधिकारियों ने किया कोचिंग संस्थानों का निरीक्षण

# सुरक्षा मानकों में कमी मिलने पर दी चेतावनी

- हिनू और साउथ ऑफिस पाड़ा के कई कोचिंग संस्थानों की हुई जांच
- अवैध लाइब्रेरी और भवन उपयोग में अनियमितता का मामला सामने आया

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** विद्यार्थियों की सुरक्षा एवं भवन उपविधियों के अनुपालन को सुनिश्चित करने के लिए रांची नगर निगम ने कोचिंग संस्थानों और शैक्षणिक परिसरों में विशेष जांच अभियान शुरू किया है। इसी क्रम में नगर निगम की नगर निवेशक शाखा की टीम ने बुधवार को हिनू स्थित इंदिरा पैलेस तथा साउथ ऑफिस पाड़ा क्षेत्र में संचालित विभिन्न कोचिंग संस्थानों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान इंदिरा पैलेस में संचालित गोल इंस्टीट्यूट, फिजिक्सवाला ट्यूशन सेंटर, बायोम इंस्टीट्यूट, ब्रदर्स एकेडमी तथा साउथ ऑफिस पाड़ा स्थित फिटजी इंस्टीट्यूट की जांच की गई। टीम ने भवन की स्वीकृति, उपयोग की प्रकृति, अग्नि सुरक्षा व्यवस्था, विद्युत सुरक्षा मानकों, वेंटिलेशन, प्रवेश एवं निकास मार्ग, पार्किंग व्यवस्था तथा सीसीटीवी अधिष्ठापन सहित अन्य आवश्यक सुरक्षा मानकों का निरीक्षण किया।

### दस्तावेजों की जांच के बाद नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी




जांच के दौरान बायोम इंस्टीट्यूट संचालित भवन में गंभीर अनियमितता सामने आई। नगर निगम के अनुसार, आवासीय उपयोग के लिए स्वीकृत भवन में व्यावसायिक गतिविधियां संचालित की जा रही थीं। इसके अलावा जी+3 भवन की छत पर जीआई शीट से निर्मित एक अवैध लाइब्रेरी भी संचालित होती पाई गई। मामले को गंभीरता से लेते हुए संबंधित संचालक को भवन का स्वीकृत नक्शा एवं अन्य आवश्यक वैधानिक दस्तावेज प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया है। दस्तावेजों की जांच के बाद नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

निरीक्षण के दौरान कुछ संस्थानों में अग्नि सुरक्षा मानकों की भी कमी पाई गई। नगर निगम ने संबंधित संस्थानों को आवश्यक अग्नि सुरक्षा अनापत्ति प्रमाण पत्र (फायर एनओसी) प्राप्त करने तथा निर्धारित सुरक्षा मानकों का अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। रांची नगर निगम ने स्पष्ट किया है कि विद्यार्थियों की सुरक्षा उसकी सर्वोच्च प्राथमिकता है और सुरक्षा मानकों एवं भवन उपविधियों का उल्लंघन किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जाएगा। निगम ने चेतावनी दी है कि निर्धारित नियमों का पालन नहीं करने वाले संस्थानों के विरुद्ध नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही भविष्य में भी इस प्रकार के निरीक्षण अभियान नियमित रूप से जारी रहेंगे। निरीक्षण के दौरान सहायक नगर निवेशक, कनीय अभियंता एवं नगर निगम के अन्य अधिकारी और कर्मी उपस्थित थे।

## कांटाटोली चौक के निकट चल रहे "सिटी अल्ट्रासाउंड" केंद्र पर छापा

# बिना पंजीकरण चल रहे अल्ट्रासाउंड सेंटर को प्रशासन ने किया सील




**नवीन मेल संवाददाता**

- उपायुक्त ने भ्रूण हत्या को बढ़ावा देने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के दिए निर्देश

**रांची।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी रांची श्री मंजूनाथ भजन्त्री के निर्देश पर जिला प्रशासन ने पीसी एंड पीएनडीटी एक्ट के तहत अवैध रूप से संचालित अल्ट्रासाउंड सेंटरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए बुधवार को एक बड़े छापेमारी अभियान को अंजाम दिया। गुप्त सूचना के आधार पर काटा टोली चौक के निकट गैलेक्सी कॉम्प्लेक्स के प्रथम तल पर संचालित "सिटी अल्ट्रासाउंड" केंद्र पर छापा मारा गया।प्रशासन को सूचना मिली थी कि केंद्र के संचालक डॉ राजेश कुमार द्वारा बिना वैध पंजीकरण के अल्ट्रासाउंड सेंटर का संचालन किया जा रहा है। जांच के दौरान आरोपों की पुष्टि होने पर छापेमारी टीम ने केंद्र में स्थापित अल्ट्रासाउंड मशीन, कंप्यूटर सेट, प्रिंटर, एएनसी रजिस्टर, बिल बुक तथा अन्य संबंधित दस्तावेज और सामग्री जब्त कर ली। इसके साथ ही केंद्र को तत्काल प्रभाव से सील कर दिया गया।छापेमारी अभियान में उपायुक्त द्वारा नामित मजिस्ट्रेट, लोअर बाजार थाना प्रभारी, महिला एवं पुरुष पुलिस बल, चिकित्सा पदाधिकारी, सिविल सर्जन कार्यालय के प्रतिनिधि, जिला कार्यक्रम प्रबंधक, एनओ, एचओ, एमओ तथा अन्य स्वास्थ्य कर्मी शामिल थे। अभियान का नेतृत्व अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी ने किया।सिविल सर्जन सदर रांची ने बताया कि पीसी एंड पीएनडीटी एक्ट के तहत अनुमति प्राप्त किए बिना किसी भी अल्ट्रासाउंड सेंटर का संचालन पूरी तरह अवैध है। उन्होंने कहा कि ऐसे मामलों में जिला प्रशासन शून्य सहनशीलता की नीति के तहत कार्रवाई कर रहा है। उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने स्पष्ट किया कि भ्रूण हत्या तथा लिंग अनुपात असंतुलन को बढ़ावा देने वाले किसी भी व्यक्ति या संस्था को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिया है कि अवैध रूप से संचालित केंद्रों की नियमित निगरानी की जाए और आवश्यकता पड़ने पर लगातार छापेमारी अभियान चलाया जाए। जिला प्रशासन ने आम लोगों से भी अपील की है कि यदि कहीं अवैध अल्ट्रासाउंड सेंटर संचालित होने की जानकारी मिले तो इसकी सूचना प्रशासन को दें, ताकि समय रहते उचित कार्रवाई की जा सके।

### मुहर्रम के मुख्य जुलूस में शामिल होने का उपायुक्त को मिला निमंत्रण



- प्रशासन ने शांतिपूर्ण आयोजन के लिए हरसंभव सहयोग का दिया भरोसा

**रांची।** उपायुक्त मंजुनाथ भजन्त्री से बुधवार को शिया समुदाय के प्रतिनिधिमंडल ने शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान समुदाय के सदस्यों ने उपायुक्त को 26 जून को आयोजित होने वाले मुहर्रम के मुख्य जुलूस में शामिल होने का औपचारिक निमंत्रण दिया।मुलाकात के दौरान उपायुक्त श्री मंजुनाथ भजन्त्री ने कहा कि जिला प्रशासन मुहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं गरिमापूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के लिए हर संभव सहयोग प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि प्रशासन सभी आवश्यक व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है ताकि पर्व सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न हो सके। शिया समुदाय के प्रतिनिधियों ने जिला प्रशासन द्वारा दिए जा रहे सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने आश्वासन दिया कि मुहर्रम का पर्व पूर्ण शांति, भाईचारे और धार्मिक अनुशासन के साथ मनाया जाएगा तथा सभी प्रशासनिक दिशा-निर्देशों का पालन किया जाएगा। मुलाकात के दौरान मौलाना तहजीब उल हसन रिजवी, केंद्रीय शांति समिति के सदस्य श्री सागर कुमार, माजसेवी मो. सरफराज, कुमार उज्ज्वल, महबूब हुसैन, मो. सोहेल सहित शिया समुदाय के कई गणमान्य सदस्य उपस्थित थे।

## नशा न केवल व्यक्ति को, बल्कि पूरे परिवार और समाज को बर्बाद करता है : डीसी




**नवीन मेल संवाददाता**

- सिद्धो-कान्हो कृषि एवं वनोपज जिला सहकारी संघ लि. की आम सभा

**रांची।** सिद्धो-कान्हो कृषि एवं वनोपज जिला सहकारी संघ लिमिटेड की आमसभा वर्ष 2025-26 से संबंधित महत्वपूर्ण बैठक रांची विश्वविद्यालय के मोरहाबादी स्थित आर्यभट्ट सभागार में उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी श्री मंजूनाथ भजन्त्री की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में सहकारिता आंदोलन को मजबूत बनाने, किसानों और वनोपज संग्राहकों के हितों की रक्षा करने तथा आगामी वर्ष की योजनाओं पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक के दौरान उपायुक्त श्री मंजूनाथ भजन्त्री ने जिले में उत्कृष्ट कार्य करने वाले एमपीसीएस लैंप्स के प्रतिनिधियों को अंगवस्त्र ओढ़ाकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि यह सम्मान सहकारी संस्थाओं के बेहतर कार्यों को प्रोत्साहित करने और अन्य संस्थाओं को प्रेरित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

अपने संबोधन में उपायुक्त ने वर्ष 2025-26 के लिए संघ की वार्षिक योजनाओं, बजट और लक्ष्यों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कृषकों और वनोपज संग्राहकों को बेहतर मूल्य उपलब्ध कराने, सहकारी संस्थाओं में डिजिटलीकरण एवं पारदर्शिता बढ़ाने तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने के लिए आवश्यक कदम उठाने पर जोर दिया.बैठक में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्यक्रम पर भी चर्चा की गई। उपायुक्त ने कहा कि कोई भी पात्र मतदाता वोटर सूची में नाम दर्ज कराने से वंचित न रहे, इसके लिए सभी सदस्यों और पदाधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में जागरूकता फैलानी चाहिए। इस अवसर पर उन्होंने जिले में चल रहे नशा मुक्ति अभियान की जानकारी देते हुए सहकारी संघ के सदस्यों और पदाधिकारियों से नशे के खिलाफ जन-जागरूकता फैलाने की अपील की। उन्होंने कहा, "नशा न केवल व्यक्ति बल्कि पूरे परिवार और समाज को प्रभावित करता है। इसके खिलाफ सभी को मिलकर अभियान चलाना होगा।" उन्होंने अफीम की अवैध खेती की सूचना प्रशासन को देने की भी अपील की और ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी।

बैठक में संघ के पदाधिकारियों, सदस्यों और एमपीसीएस प्रतिनिधियों ने भी अपने विचार रखे तथा आगामी वर्ष में बेहतर कार्य करने का संकल्प लिया।

## दृष्टिपात

### ट्राइबल कॉलेज ऑफ नर्सिंग की छात्रों ने निकाली नशा मुक्ति रैली




**रांची।** सिदरौल स्थित ट्राइबल कॉलेज ऑफ नर्सिंग के तत्वावधान में "नशा मुक्त भारत अभियान" के अंतर्गत बुधवार को जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। सिदरौल से चटकपुर गांव तक निकाली गई इस रैली में कॉलेज के 130 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और समाज को नशा मुक्त बनाने का संदेश दिया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यार्थियों द्वारा नशा मुक्ति की शपथ लेने के साथ हुई। रैली के दौरान छात्रों ने विभिन्न नारों और संदेशों के माध्यम से लोगों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया तथा नशे से दूर रहने की अपील की। रैली का नेतृत्व कॉलेज की मोनिका कुमारी ने किया। रैली प्रारंभ होने से पूर्व ट्राइबल कॉलेज ऑफ नर्सिंग की डीन डॉ ए सुमति ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि नशा मुक्त समाज के निर्माण में युवाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने विद्यार्थियों से समाज में सकारात्मक बदलाव लाने और जन-जागरूकता अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया। चटकपुर गांव पहुंचने के बाद विद्यार्थियों ने नशे के दुष्परिणामों को दर्शाते हुए एक प्रभावशाली नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया। नाटक के माध्यम से नशे के कारण व्यक्ति, परिवार और समाज पर पड़ने वाले नकारात्मक प्रभावों को दर्शाया गया, जिसे ग्रामीणों ने काफी सराहा। कार्यक्रम में एनएसएस समन्वयक डॉ. कौशल किशोर सहित कॉलेज के अन्य संकाय सदस्य भी उपस्थित रहे। सभी ने अभियान को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने समाज को नशा मुक्त बनाने का संकल्प दोहराते हुए लोगों के बीच जागरूकता फैलाने का संदेश दिया। कॉलेज प्रबंधन ने कहा कि इस प्रकार के अभियान युवाओं को सामाजिक जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक करने के साथ-साथ समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

### सीसीएल में संविदा कार्यों की एसओपी पर प्रशिक्षण कार्यक्रम, पारदर्शिता पर जोर



**रांची।** सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) के मानव संसाधन विकास विभाग (एचआरडी) द्वारा सतर्कता विभाग के तत्वावधान में बुधवार को ई एंड एम विभाग के संविदा कार्यों से संबंधित मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) पर एक क्षमता निर्माण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ई एंड एम विभाग में संचालित संविदा कार्यों में पारदर्शिता, अनुशासन तथा निर्धारित प्रक्रियाओं के प्रभावी अनुपालन को सुनिश्चित करना था। कार्यक्रम के दौरान कुल चार तकनीकी सत्र आयोजित किए गए, जिनमें सतर्कता विभाग एवं ई एंड एम विभाग के अधिकारियों ने एसओपी के विभिन्न प्रावधानों, हालिया संशोधनों तथा संविदा कार्यों से जुड़ी प्रक्रियाओं की विस्तृत जानकारी प्रतिभागियों को दी। उद्घाटन सत्र में महाप्रबंधक (सतर्कता) एके सिंह, महाप्रबंधक (एचआरडी) एमएफ हक तथा महाप्रबंधक (ई एंड एम) सुचंद्रा सिन्हा उपस्थित रहीं। वक्ताओं ने अपने संबोधन में संविदा कार्यों के निष्पादन में पारदर्शिता, अनुशासन और निर्धारित मानकों के अनुपालन को अत्यंत आवश्यक बताते हुए अधिकारियों एवं कर्मचारियों से प्रक्रियाओं का पूरी निष्ठा से पालन करने का आह्वान किया।, कार्यक्रम में कुल 50 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। प्रतिभागियों को संविदा कार्यों से संबंधित नियमों, प्रक्रियाओं और जवाबदेही के विभिन्न पहलुओं पर व्यावहारिक जानकारी प्रदान की गई। सीसीएल प्रबंधन ने कहा कि इस प्रकार के क्षमता निर्माण कार्यक्रम संस्थान में सुशासन, जवाबदेही और कार्यप्रणाली की पारदर्शिता को और अधिक मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। भविष्य में भी विभिन्न विभागों के लिए ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहेंगे।

## आज कल




## मारवाड़ी युवा मंच के प्रतिनिधियों ने बैजनाथ राम से की मुलाकात



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच के प्रतिनिधिमंडल ने नवनिर्वाचित राज्यसभा सांसद बैजनाथ राम के आवास पर पहुंचकर उनसे शिष्टाचार भेंट की एवं राज्यसभा सदस्य निर्वाचित होने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित कीं। इस अवसर पर प्रतिनिधिमंडल ने बैजनाथ राम के उज्ज्वल एवं सफल संसदीय कार्यकाल की कामना करते हुए विश्वास व्यक्त किया कि उनके नेतृत्व में झारखंड के विकास एवं जनहित के मुद्दों को राष्ट्रीय स्तर पर प्रभावी ढंग से उठाया जाएगा। भेंट के दौरान झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच के पदाधिकारियों ने संगठन द्वारा राज्यभर में संचालित विभिन्न सामाजिक, सेवा एवं जनजागरण गतिविधियों की जानकारी भी साझा की तथा समाजहित एवं जनहित के कार्यों में निरंतर सहयोग एवं मार्गदर्शन का आग्रह किया। इस अवसर पर मारवाड़ी युवा मंच, रांची शाखा के पदाधिकारी एवं सदस्यगण भी उपस्थित रहे। सभी ने बैजनाथ राम का अभिनंदन करते हुए उनके सफल कार्यकाल की मंगलकामनाएं व्यक्त कीं।

## श्री श्याम मंदिर में निर्जला एकादशी की भव्य तैयारी, फूलों से सजेगा दरबार

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** हरमू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर में निर्जला एकादशी के अवसर पर भव्य धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इसको लेकर मंदिर में तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। मंदिर को आकर्षक रूप से सजाया जा रहा है, जिसके लिए पश्चिम बंगाल से आए कारीगर दिन-रात सजावट कार्य में जुटे हुए हैं। मंदिर की भव्य सजावट के लिए दिल्ली, कोलकाता, बेंगलुरु और रायपुर से विशेष प्रकार के फूल मंगाए जा रहे हैं। संपूर्ण तैयारी श्री श्याम मंडल के अध्यक्ष गोपाल मुरारका के दिशा-निर्देशन में की जा रही है। निर्जला एकादशी के अवसर पर बाबा श्री श्याम का दिव्य और अनुपम श्रृंगार किया जाएगा। सूरत से विशेष रूप से तैयार कराए गए कपड़ों से बाबा को नवीन पोशाक धारण कराई जाएगी। इस अवसर पर फल सवामणी प्रसाद और सवामणी भोग प्रसाद अर्पित किया जाएगा। सवामणी प्रसाद की तैयारी मंडल के उपाध्यक्ष अशोक लड़िया के सानिध्य में की जा रही है। मंडल के महामंत्री गौरव अग्रवाल ने बताया कि निर्जला एकादशी के दिन मंदिर के पट पूरे दिन भक्तों के दर्शन के लिए खुले रहेंगे। भक्तों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए दर्शन के लिए विशेष लाइन



व्यवस्था की जा रही है, ताकि श्रद्धालु सुगमता से बाबा श्याम के दर्शन कर सकें।उन्होंने बताया कि मुख्य कार्यक्रम रात्रि 9:30 बजे अखंड ज्योति प्रज्ज्वलन के साथ शुरू होगा। मंडल के वरीय उपाध्यक्ष श्रवण ढांढनिया गणेश वंदना के साथ संकीर्तन कार्यक्रम का शुभारंभ करेंगे।

## सीयूईटी में डीपीएस का शानदार प्रदर्शन, प्रियंशु कुमार सिंह बने स्कूल टॉपर

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** दिल्ली पब्लिक स्कूल (डीपीएस) ने एक बार फिर अपनी शैक्षणिक उत्कृष्टता का परिचय देते हुए कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट (सीयूईटी) 2026 में उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। विद्यालय के विद्यार्थियों ने विभिन्न विषयों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर संस्थान का नाम रोशन किया है।विद्यालय के छात्र प्रियंशु कुमार सिंह ने 1000 में से 958 अंक प्राप्त कर स्कूल टॉपर बनने का गौरव हासिल किया। उन्होंने पॉलिटिकल साइंस में 100 परसेंटाइल प्राप्त किया, जबकि अंग्रेज़ी, इतिहास और मनोविज्ञान में 99 परसेंटाइल से अधिक अंक अर्जित कर परीक्षा के श्रेष्ठ प्रदर्शनकर्ताओं में अपनी जगह बनाई।डीपीएस रांची के चार विद्यार्थियों ने अलग-अलग विषयों में 100 परसेंटाइल हासिल कर विशेष उपलब्धि दर्ज की। प्रियंशु कुमार सिंह ने पॉलिटिकल साइंस में, आयशा कुमारी और निहित शर्मा ने मनोविज्ञान में तथा स्पर्श जैन ने अर्थशास्त्र/व्यावसायिक अर्थशास्त्र में 100 परसेंटाइल प्राप्त किया।विद्यालय के प्रदर्शन की बात करें तो विभिन्न विषयों में 17 विद्यार्थियों ने 99 परसेंटाइल और उससे अधिक, 39 विद्यार्थियों ने 95 परसेंटाइल और उससे अधिक तथा 44 विद्यार्थियों ने 90 परसेंटाइल और उससे अधिक अंक हासिल किए हैं।इस प्रतिष्ठित परीक्षा में सफलता प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों में दिव्यांश सुल्तानिया, वैभव पंकज, नित्या रूंगटा, अहाना शोम, अन्वेषा प्रभाकर, अनन्या राज सिंह, प्रतिभा सिन्हा, आयशा कुमारी, हर्षित गरोड़िया, शांभवी झा, प्रज्ञा थापा, आइज़ा हबीब, एरेना विद्या, इति निष्ठा, सुप्रिया लाल, माहिका श्रीवास्तव, ऋषि राज, अलीना अहमद, स्मृति शाही, ऋषु प्रज्ञा सिंह, निहित शर्मा, पंखुड़ी मिश्रा, अंशु सिन्हा, अर्नव महादेव नागरगोजे, सुमोना चटर्जी, ऐशानी पाल, रिद्धि गोयनका, अयान आरिफ, ऋषिमा सिंह, स्पर्श जैन, शिवांगी चटर्जी, सान्वी सुमन, लॉवान्या शर्मा, पलक विभूति, आद्या प्रकाश, अनन्या कुमारी, अविका अमन, तेजस्विनी शरण, प्रांकीता दास, पांडेय आर्यन कुमार, निकिता कुमारी, कृष और आरव राउत सहित कई छात्र-छात्राएं शामिल हैं।विद्यार्थियों की इस शानदार उपलब्धि पर विद्यालय की प्राचार्या डॉ. जया चौहान ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की मेहनत, लगन और उत्कृष्टता के प्रति उनके समर्पण का परिणाम है। उन्होंने प्रियंशु कुमार सिंह सहित सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों के सामूहिक प्रयासों का प्रतिफल है।उन्होंने विश्वास जताया कि विद्यालय के विद्यार्थी भविष्य में भी इसी प्रकार उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए उच्च शिक्षा और समाज सेवा के क्षेत्र में नए कीर्तिमान स्थापित करेंगे।



## नशे के खिलाफ

### छात्रों को नशा मुक्ति और साइबर अपराधों से बचाव की दी जानकारी

# सेंट पॉल हाई स्कूल में पुलिस का जागरूकता अभियान

- चुटिया थाना पुलिस ने विद्यार्थियों को नशीले पदार्थों के दुष्प्रभाव, यातायात नियमों और ऑनलाइन सुरक्षा के प्रति किया जागरूक

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** झारखंड सरकार द्वारा निषिद्ध मादक पदार्थों के सेवन, खरीद-बिक्री एवं भंडारण के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत बहु बाजार स्थित सेंट पॉल हाई स्कूल में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में वरीय पुलिस उपाधीक्षक (नगर), रांची के नेतृत्व में थाना प्रभारी चुटिया एवं अन्य पुलिस पदाधिकारियों ने विद्यार्थियों को संबोधित किया। इस दौरान छात्रों को मादक पदार्थों के सेवन से होने वाले शारीरिक, मानसिक और सामाजिक दुष्प्रभावों की जानकारी दी गई। साथ ही नशीले पदार्थों की खरीद-बिक्री एवं भंडारण से जुड़े कानूनी प्रावधानों और दंडात्मक कार्रवाई के बारे में भी विस्तार से बताया गया।पुलिस अधिकारियों ने विद्यार्थियों को झारखंड सरकार की नई नीति की जानकारी देते हुए बताया कि निषिद्ध मादक पदार्थों के कारोबार की सूचना देने वालों के लिए पुरस्कार राशि की भी व्यवस्था की गई है। छात्रों को ऐसे मामलों की सूचना देने और जागरूक नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया गया।कार्यक्रम में सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों पर भी विशेष चर्चा की गई। विद्यार्थियों को ट्रैफिक नियमों के पालन, सुरक्षित आवागमन तथा सड़क दुर्घटनाओं से बचाव के उपायों की जानकारी दी गई।इसके अलावा सोशल मीडिया और मोबाइल फोन के माध्यम से बढ़ रहे साइबर अपराधों के प्रति भी छात्रों को जागरूक किया गया। अधिकारियों ने ऑनलाइन धोखाधड़ी, फर्जी लिंक, साइबर ठगी, सोशल मीडिया के दुरुपयोग तथा डिजिटल सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं पर जानकारी साझा की।कार्यक्रम के अंत में सभी विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने, समाज में नशा मुक्ति का संदेश फैलाने तथा अन्य लोगों को भी जागरूक करने की शपथ दिलाई गई। विद्यालय प्रबंधन ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे विद्यार्थियों के लिए अत्यंत उपयोगी बताया।

### कांके में पुलिस का जागरूकता अभियान

# छात्रों को नशे के दुष्प्रभाव और यातायात नियमों की दी जानकारी

- राजकीयकृत +2 उच्च विद्यालय सेमरटोली में विद्यार्थियों को नशा मुक्ति, कानूनी प्रावधानों और मानस पोर्टल के बारे में किया गया जागरूक



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड सरकार द्वारा निषिद्ध मादक पदार्थों के सेवन, खरीद-बिक्री एवं भंडारण के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत कांके स्थित राजकीयकृत +2 उच्च विद्यालय, सेमरटोली में विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में वरीय पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय) प्रथम, रांची के नेतृत्व में थाना प्रभारी कांके एवं कांके थाना के अन्य पुलिस पदाधिकारियों ने विद्यार्थियों को संबोधित किया। इस दौरान छात्रों को मादक पदार्थों के सेवन से होने वाले शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक दुष्प्रभावों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही नशीले पदार्थों से संबंधित अपराधों के लिए निर्धारित दंडनीय प्रावधानों से भी अवगत कराया गया। पुलिस अधिकारियों ने विद्यार्थियों को झारखंड सरकार की नई नीति के तहत निषिद्ध मादक पदार्थों की खरीद-बिक्री एवं भंडारण की रोकथाम के लिए किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी। साथ ही ऐसी गतिविधियों की सूचना देने पर घोषित पुरस्कार राशि और शिकायत दर्ज कराने के लिए मानस पोर्टल तथा टोल फ्री नंबर 1933 के संबंध में भी जागरूक किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को यातायात नियमों की भी विस्तृत जानकारी दी गई। सड़क सुरक्षा, हेलमेट और सीट बेल्ट के उपयोग, ट्रैफिक संकेतों के पालन तथा सुरक्षित आवागमन के महत्व पर विशेष जोर दिया गया।

कार्यक्रम के अंत में सभी विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने, समाज में नशा मुक्ति का संदेश फैलाने तथा अन्य लोगों को भी जागरूक करने की शपथ दिलाई गई। विद्यालय प्रबंधन और विद्यार्थियों ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे युवाओं के लिए उपयोगी बताया।

## कर्रा के तालाब में डूबने से युवक की मौत, परिवार में मातम

खूंटी। कर्रा प्रखंड के रोलागुटू गांव निवासी 35 वर्षीय अरुण कुमार सिंह की तालाब में डूबने से मौत हो गयी। घटना के बाद पूरे गांव में शोक का माहौल है। जानकारी के अनुसार अरुण कुमार सिंह मंगलवार रात खाना खाने के बाद घर से बाहर निकले थे। देर रात तक वापस नहीं लौटने पर परिजनों ने उनकी काफी खोजबीन की, लेकिन उनका कोई पता नहीं चल सका। बुधवार सुबह ग्रामीणों ने रोलागुटू के बड़ा तालाब में एक शव तैरता हुआ देखा। इसकी सूचना तत्काल परिजनों को दी गयी। सूचना मिलते ही परिजन घटनास्थल पर पहुंचे, जहां शव की पहचान अरुण कुमार सिंह के रूप में की गयी। घटना की खबर फैलते ही तालाब के पास ग्रामीणों की भारी भीड़ जुट गयी। गांव के युवकों ने तालाब से शव को बाहर निकाला। ग्रामीणों द्वारा घटना की जानकारी कर्रा पुलिस को दी गयी। सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल खूंटी भेज दिया।

## वन्यजीव अपराध रोकना राज्य की सर्वोच्च प्राथमिकता : संजीव

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** वन्यजीव अपराधों की रोकथाम और तस्करी पर नियंत्रण के लिए बुधवार को वन भवन में वाइल्डलाइफ क्राइम कंट्रोल ब्यूरो सेंट्रल रीजन एवं विभिन्न केंद्रीय और राज्य एजेंसियों की अंतर विभागीय समन्वय समिति की संयुक्त बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता प्रधान मुख्य वन संरक्षक (हॉफ) झारखंड संजीव कुमार ने की। उन्होंने कहा कि वन्यजीवों के प्रति अपराध रोकना राज्य की सर्वोच्च प्राथमिकता में है। वन्यजीव अपराधों और अवैध तस्करी पर अंकुश लगाने के लिए विभिन्न विभागों के बीच सूचनाओं का त्वरित आदान-प्रदान और समन्वित कार्रवाई आवश्यक है। इसके अलावा उन्होंने कहा कि वन्यजीवों एवं उनके अंगों की अवैध तस्करी को रोकने के लिए हवाई, रेल और सड़क मार्गों के अलावा डाकघरों तथा कुरियर सेवाओं के माध्यम से होने वाले परिवहन पर भी कड़ी निगरानी रखनी होगी। इसके लिए सभी संबंधित एजेंसियों को संयुक्त रूप से कार्य करना होगा. बैठक में दिल्ली से पहुंचीं वाइल्डलाइफ क्राइम कंट्रोल ब्यूरो की अतिरिक्त निदेशक आईपीएस रुचिका ऋषि ने कहा कि वन विभाग के साथ-साथ प्रवर्तन निदेशालय (ईडी), सीबीआई, सीआईएसएफ, पुलिस, रेलवे सुरक्षा बल और अन्य सुरक्षा एजेंसियों के सहयोग के बिना वन्यजीव अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण संभव नहीं है। प्रधान मुख्य वन संरक्षक वन्यजीव एवं मुख्य वन्यजीव प्रतिपालक राजीव रंजन ने कहा कि झारखंड की भौगोलिक परिस्थितियां अन्य राज्यों से अलग हैं। ऐसे में राज्य की जरूरतों के अनुरूप विशेष रणनीति बनाकर कार्य करना होगा। वहीं मुख्य वन संरक्षक वन्यजीव एस.आर. नटेश ने राज्य में वन्यजीव अपराध नियंत्रण की कार्ययोजना प्रस्तुत करते हुए कहा कि अपराधों की रोकथाम के साथ-साथ जनजागरूकता अभियान भी जरूरी है।

## अवैध कोयला खनन पर सीआईएसएफ होगी और सख्त, एमएमडीआर एक्ट के तहत मिले नए कानूनी अधिकार




**पिपरवार।** कोयला क्षेत्रों में अवैध खनन, कोयला चोरी एवं तस्करी पर प्रभावी अंकुश लगाने की दिशा में केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) को बड़ी कानूनी शक्ति प्राप्त हुई है। खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम के तहत मिले नए अधिकारों एवं लागू नई स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर के बाद अब सीआईएसएफ अवैध कोयला खनन, परिवहन और भंडारण से जुड़े मामलों में अधिक प्रभावी तथा कानूनी रूप से सशक्त कार्रवाई कर सकेगी। नए प्रावधानों के तहत सीआईएसएफ को अवैध कोयला कारोबार में संलिप्त तत्वों के विरुद्ध कार्रवाई करने, जांच प्रक्रिया में सहयोग देने तथा आवश्यक कानूनी कार्रवाई को मजबूती प्रदान करने का अधिकार मिला है। इससे कोलफील्ड क्षेत्रों में सक्रिय कोयला माफियाओं, अवैध परिवहन गिरोहों एवं असामाजिक तत्वों पर नकेल कसने में महत्वपूर्ण सहायता मिलेगी। सीआईएसएफ कमांडेंट अमित कुमार ने बताया कि कोयला क्षेत्रों में लगातार निगरानी, संयुक्त छापेमारी अभियान, ड्रोन सर्विलांस तथा स्थानीय प्रशासन के साथ समन्वय स्थापित कर अवैध गतिविधियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि एमएमडीआर एक्ट के नए कानूनी प्रावधानों के लागू होने से ऐसी कार्रवाइयों को और अधिक मजबूती एवं कानूनी समर्थन प्राप्त होगा, जिससे अवैध खनन और कोयला चोरी के मामलों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया जा सकेगा।

# उच्च शिक्षा को रोजगारोन्मुख बनाया जाएगा : राहुल पुरवार

**नवीन मेल संवाददाता**




**रांची।** झारखंड राज्य मुक्त विश्वविद्यालय रांची एवं कॉमनवेल्थ एजुकेशनल मीडिया सेंटर फॉर एशिया नई दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में "स्नातक रोजगारोन्मुखता एवं परिणाम-आधारित प्रबंधन रूपरेखा विषयक दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का भव्य शुभारंभ रांची के होटल हॉलिडे होम में हुआ।

कार्यशाला का उद्घाटन उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, झारखंड सरकार के प्रधान सचिव श्री राहुल कुमार पुरवार, भा.प्र.से. ने दीप प्रज्वलित कर किया। अपने उद्घाटन संबोधन में उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अनुरूप उच्च शिक्षा को रोजगारोन्मुख, कौशल-आधारित एवं परिणाम-केंद्रित बनाने के लिए सतत प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों को विद्यार्थियों को केवल डिग्री प्रदान करने तक सीमित न रहकर उन्हें रोजगार, उद्यमिता, नवाचार तथा नेतृत्व क्षमता से भी सशक्त बनाना होगा।

कार्यक्रम की अध्यक्षता झारखंड राज्य मुक्त विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो (डॉ) अभय कुमार सिंह ने की। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में उच्च शिक्षा की गुणवत्ता का मूल्यांकन विद्यार्थियों के अधिगम परिणामों एवं रोजगार क्षमता के आधार पर किया जा रहा है। परिणाम-आधारित प्रबंधन प्रणाली संस्थानों में गुणवत्ता, पारदर्शिता और उत्तरदायित्व को बढ़ाने का प्रभावी माध्यम है।

अंतरराष्ट्रीय शिक्षा विशेषज्ञ प्रो. राजेश पी. खंबायत ने अपने व्याख्यान में उद्योग-अकादमिक समन्वय, कौशल-आधारित शिक्षण, अधिगम परिणामों के मूल्यांकन तथा संस्थागत विकास के विभिन्न आयामों पर विस्तार से प्रकाश डाला। वहीं, सीईएमसीए के निदेशक डॉ. बशीरहमद शाद्राच ने ऑनलाइन संबोधन में डिजिटल शिक्षा, गुणवत्ता आश्वासन एवं परिणाम-आधारित मूल्यांकन की आवश्यकता पर बल दिया।

उद्घाटन सत्र के बाद आयोजित तकनीकी सत्रों में स्नातक विद्यार्थियों की रोजगार क्षमता, राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के प्रभावी क्रियान्वयन, उद्योग-अकादमिक साझेदारी, उद्यमिता विकास, डिजिटल शिक्षा, संस्थागत गुणवत्ता आश्वासन तथा परिणाम-आधारित प्रबंधन ढांचे पर गहन मंथन किया गया। विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों में संचार कौशल, आलोचनात्मक चिंतन, नेतृत्व क्षमता, समस्या समाधान, डिजिटल साक्षरता एवं नवाचार की भावना विकसित करने पर विशेष बल दिया।

कार्यशाला में राज्य के विभिन्न विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों से आए शिक्षाविदों, प्राचार्यों, शिक्षकों एवं शिक्षा प्रशासकों ने सक्रिय सहभागिता निभाई। प्रमुख रूप से डॉ. वासुदेव प्रसाद (संस्थापक प्राचार्य, राजकमल सरस्वती विद्या मंदिर, धनबाद), डॉ. ओम प्रकाश (सहायक प्राध्यापक, गवर्नमेंट टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज, कांके, रांची विश्वविद्यालय) तथा डॉ. सुबोध कुमार (सहायक प्राध्यापक, आरटीसी बी.एड. कॉलेज, रांची) सहित अनेक शिक्षाविद् उपस्थित रहे।

## डीएवी विवेकानंद पब्लिक स्कूल बेड़ो में नशा मुक्ति अभियान




**बेड़ो।** मादक पदार्थों के बढ़ते दुरुपयोग के खिलाफ समाज को जागरूक करने के उद्देश्य से डी.ए.वी. विवेकानंद पब्लिक स्कूल, बेड़ो में 'नशा मुक्ति भारत अभियान' के तहत एक भव्य पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में स्कूली बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और आकर्षक पोस्टरों के माध्यम से नशे के दुष्प्रभावों को उजागर किया। पोस्टरों के जरिए दिखाई समाज की हकीकत, ली नशा मुक्ति की शपथ। प्रतियोगिता के दौरान बच्चों द्वारा बनाए गए पोस्टरों में मादक पदार्थों के सेवन से शरीर और समाज पर पड़ने वाले घातक प्रभावों को बेहद मार्मिक ढंग से दर्शाया गया। कार्यक्रम के दौरान न केवल बच्चों ने खुद मादक पदार्थों से दूर रहने का संकल्प लिया, बल्कि समाज के हर वर्ग को इसके प्रति जागरूक करने की सामूहिक शपथ भी उठाई। इस अवसर पर बच्चों को संबोधित करते हुए विद्यालय के निदेशक कैलाश कुमार ने वर्तमान समय में युवाओं और बच्चों में बढ़ती नशे की प्रवृत्ति पर गहरी चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि यह हमारे समाज और बच्चों के सुनहरे भविष्य के लिए बेहद घातक है। निदेशक महोदय ने बच्चों को सचेत करते हुए कहा:"आज के बच्चे सोशल मीडिया और फिल्मों में दिखने वाले किरदारों से गुमराह हो रहे हैं। फिल्मों में जिस तरह हीरो को सिगरेट या शराब का सेवन करते दिखाया जाता है, बच्चे उसे स्टाइल समझकर अपनाने लगते हैं। बच्चों को असली और नकली हीरो का फर्क समझना होगा।

## प्रखंड स्तरीय आम बागवानी महोत्सव में प्रदर्शित किए गए विभिन्न किस्मों के आम

**खलारी।** प्रखंड मुख्यालय स्थित राजीव गांधी सेवा केंद्र में बुधवार को खलारी बीडीओ सह सीओ प्रणव अम्बष्ट की अध्यक्षता में प्रखंड स्तरीय आम बागवानी महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रखंड के सभी पंचायतों से आए आम बागवानी के लाभुकों ने मनरेगा के तहत संचालित आम बागवानी योजना से उत्पादित विभिन्न किस्मों के आमों की प्रदर्शनी लगाई। प्रदर्शनी में आम्रपाली, मल्लिका, स्वर्णरेखा, मालदा, लंगड़ा, दशहरी समेत कई अन्य प्रजातियों के आम लोगों के आकर्षण का केंद्र रहे। लाभुकों ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि आम बागवानी से उन्हें आर्थिक रूप से लाभ मिल रहा है और ग्रामीण स्तर पर रोजगार के अवसर भी बढ़े हैं। वहीं उपस्थित मुखियाओं ने भी योजना की सराहना करते हुए कहा कि आम बागवानी किसानों और ग्रामीण परिवारों की आय बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

## उद्यापन हवन व महाप्रसाद भंडारे के साथ संपन्न हुआ पांच दिवसीय रुद्र महायज्ञ

**नवीन मेल संवाददाता**



**पिपरवार।** पिपरवार-कोयलांचल क्षेत्र के न्यू ठेना कल्याणपुर में आयोजित पंच दिवसीय श्री श्री 1008 रुद्र महायज्ञ सह शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का समापन मंगलवार को वैदिक विधि-विधान के साथ उद्यापन हवन एवं विशाल महाप्रसाद भंडारे के आयोजन के साथ संपन्न हो गया। पांच दिनों तक चले इस धार्मिक आयोजन के दौरान पूरे क्षेत्र में भक्तिमय वातावरण बना रहा तथा श्रद्धालुओं की भारी भीड़ यज्ञ स्थल पर उमड़ती रही। समापन दिवस पर यज्ञ मंडप में वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच उद्यापन हवन संपन्न कराया गया। यज्ञाचार्य पंडित भैरव शास्त्री एवं पुरोहित अशोक पांडे के निर्देशन में विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान सम्पन्न हुए। श्रद्धालुओं ने हवन में आहुति देकर क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति और खुशहाली की कामना की। उद्यापन समारोह में सिमरिया के पूर्व विधायक किशुन कुमार दास भी शामिल हुए। उन्होंने यज्ञ स्थल पर पहुंचकर पूजा-अर्चना की तथा आयोजन समिति के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन समाज में आपसी भाईचारा, सामाजिक समरसता एवं आध्यात्मिक चेतना को मजबूत करने का कार्य करते हैं। उन्होंने आयोजन की सफलता के लिए समिति के सदस्यों को बधाई दी तथा महाप्रसाद ग्रहण किया। समापन अवसर पर समाजसेवी एवं व्यवसायी भोला गुप्ता, आशीष गुप्ता (पिता रामनंदन साव, कल्याणपुर, टंडवा) एवं उनके परिवार की ओर से विशाल महाप्रसाद भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे में हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर भगवान शिव से क्षेत्र के कल्याण एवं सुख-शांति की प्रार्थना की। कार्यक्रम में मुख्य यजमान धनेश्वर गंझू तथा सहयोगी यजमान शिवमंगल गंझू, जगदीश साव, कमल राणा, बंधु प्रजापति, फूलदेव गंझू, रूपलाल गंझू, मुकेश गंझू, नरेश गंझू, अशोक प्रजापति, भोला पासवान एवं योगेंद्र मुंडा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि इस प्रकार के धार्मिक आयोजन समाज में सकारात्मक संदेश देने के साथ-साथ युवा पीढ़ी को अपनी संस्कृति एवं परंपराओं से जोड़ने का कार्य करते हैं।

**श्रद्धांजलि** शरण उरांव को हजारों लोगों ने याद किया और भावभीनी श्रद्धांजलि दी

# शरण बाबा के योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता : गीताश्री उरांव

- उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि तो तब होगी जब जनजातीय समाज नशापान का त्याग कर शिक्षा को मूल मंत्र बनाएगा

**नवीन मेल संवाददाता**



**लापुंग।** लापुंग प्रखंड के डाडी. पंचायत अन्तर्गत माडी.दरमीटोली गांव में प्रसिद्ध साहित्यकार शरण उरांव के श्राद्ध भोज कार्यक्रम में झारखंड की पूर्व शिक्षा मंत्री गीताश्री उरांव सहित सैकडो.लोगों ने हिस्सा लिया और शरण उरांव के चित्र पर माल्यार्पण, पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर गीताश्री उरांव ने कहा कि आदिवासी समाज में शरण उरांव के योगदान खासकर जनजातीय परंपरा को अपनी लेखनी से पुस्तक के रूप में उकेरकर एक नई अध्याय का शुभारंभ किया था। शरण बाबा के द्वारा समाज को दशा व दिशा प्रदान करने को कभी भुलाया नहीं जा सकता। हकीकत तो यह है कि उनकी कमी को कभी पूरा नहीं किया जा सकता। इस मौके पर सापुकेरा पंचायत की मुखिया सविता उरांव ने शरण उरांव को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि शरण बाबा हम सभी के प्रेरणा स्त्रोत रहे। उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि तो तब होगी जब जनजातीय समाज नशापान का त्याग कर शिक्षा को मूल मंत्र बनाएगा। इस मौके पर जागरे उरांव, बीपीओ लीलावती तिर्की, प्रखंड प्रमुख कंचन उरांव, डाडी. पंचायत की मुखिया सुमिला मिंज, महादेव उरांव, लापुंग इंटर कॉलेज के प्राचार्य प्रो. भुवनेश्वर यादव, कॉलेज के स्टाफ, चाला अखड़ा समिति, जनजातीय परामर्श दातृ समिति के सदस्य, सरना धर्म के अगुआ गण, प्रभारी प्रधानाध्यापक देवराम भगत, मंगरू उरांव, मुचीराय मुंडा सहित सैकड़ों लोगों ने शरण उरांव को श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर दिवंगत शरण उरांव की धर्मपत्नी डॉ बिरसो कुमारी उरांव, ज्येष्ठ पुत्र बंदी उरांव, राम कृष्ण उरांव, जितेन्द्र उरांव सुपुत्री रामी कुमारी, ललिता उरांव सहित परिवार के लोगों ने आगन्तुक मेहमानों का स्वागत किया। इसके पूर्व पारंपरिक रूप से शरण उरांव की पत्थलगडी.की गई और उनकी याद में सफेद झंडा का झंडागडी. किया गया।

## दृष्टिपात

### दिशोम गुरु शिबू सोरेन को मरणोपरांत पद्मभूषण मिलने पर झामुमो कार्यकर्ताओं में हर्ष




**खलारी।** दिशोम गुरु शिबू सोरेन को मरणोपरांत पद्मभूषण सम्मान दिए जाने पर बुधवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा खलारी प्रखंड कमेटी की ओर से शहीद चौक में खुशी का इजहार किया गया। प्रखंड अध्यक्ष श्यामजी महतो के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने गुरुजी की तस्वीर पर माल्यार्पण कर नमन किया तथा एक-दूसरे एवं लोगों को लड्डू खिलाकर जश्न मनाया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि वीर दिशोम गुरु शिबू सोरेन ने झारखंड राज्य के गठन और आदिवासी, मूलवासी तथा शोषित-पीड़ित समुदायों के अधिकारों की लड़ाई में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उन्हें मरणोपरांत पद्मभूषण से सम्मानित किया जाना पूरे झारखंड के लिए गौरव और सम्मान की बात है। कार्यक्रम में झामुमो खलारी प्रखंड के बीएलए-2 के सभी सदस्यों सहित मोहम्मद नसीम, अमर भोगता, आंदोलनकारी जैनुल खान, रीतम कुमारी, सीता कुमारी, अजमुल अंसारी, सतीश ठाकुर, फारूक नवाब, सुरेंद्र चौहान, कुंदन चौहान, पवन उरांव, मो. सरफराज खान, टुन्नू साव, अख्तर खान, अजय दे, मोहम्मद मुस्तकीम, शारिक इकबाल खान, राहुल कुमार, विकास कुमार मुंडा, अशोक राम, तौसीफ अंसारी, विक्रम बोदरा, पवन डे, कार्तिक मुंडा, अभय दे, सादिक अंसारी, अमृत गंझू सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### नेशनल हाईवे में तिग्गा कांप्लेक्स में आर के फिटनेस क्लब का उद्घाटन

**मांडर।** नेशनल हाईवे में तिग्गा कांप्लेक्स में बुधवार को आर के फिटनेस जिम का उद्घाटन किया गया उद्घाटन समाहरोह में रांची जिला कांग्रेस ग्रामीण के जिला अध्यक्ष मौजूद थे, मौके पर रांची जिला कांग्रेस ग्रामीण के अल्पसंख्यक अध्यक्ष शमीम अख्तर ने कहा कि अत्याधुनिक उपकरण तथा सुविधाओं से सुसज्जित यह जिम युवाओं को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने में सक्षम होगा। जिम व्यायाम और शरीर के फिटनेस के लिए बेहतर है। मौके पर जिम संचालक मोहसिन अंसारी,विधायक प्रतिनिधि आबिद अंसारी, अजबुल अंसारी, आलम अंसारी, जलील,मंसूर,सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### शहीदे कर्बला व पैगामे इंसानियत को लेकर जलसा 26 जून को

**पिठोरिया।** कांके प्रखण्ड के सतकनादु पंचायत के बताकनादु गांव में 26 जून शुक्रवार रात्रि 8 बजे से कोल्हेया कनादु, बत्ताकनादु व सतकनादु गांव की संयुक्त रूप से शहीदे कर्बला की याद में पैगामे इंसानियत को लेकर जलसा-ए-इस्लाहे मुआशरा कॉन्फ्रेंस,अजीमोशान जलसा कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। जिसमे खिताबत के लिए हिंदुस्तान के मशहूर आलीम,ऑल इंडिया पर्सनल लॉ बोर्ड के सेक्रेटरी हजरत मौलाना अबु तालिब रहमानी साहब,शायरे हिंदुस्तान साहबान दिल खैराबादी व शमशेर जहाना गंजवी अकरम नवाज, अफरोज होंगे। इसकी जानकारी पूर्व जिला परिषद सदस्य सतकनादु के मोजिबुल रहमान व बताकनादु अंजुमन के सदर जियाउद्दीन अंसारी ने दी। जलसा को कामयाब बनाने के लिए जलसा कमिटी के सदर एकरामुल अंसारी,सेक्रेट्री सऊद आलम नायब सेक्रेटरी अबु तल्हा, गुलजार खान,वाहिद अंसारी ,साजिद अंसारी, जुल्फान अंसारी, अलताफ राजा, एहसान अंसारी तैयारी में जुटे हुए हैं।

### बलिदान दिवस पर डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को दी गई श्रद्धांजलि

**पिपरवार।** पिपरवार क्षेत्र के राय पंचायत स्थित बूथ संख्या-56 में भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा जनसंघ के संस्थापक एवं प्रखर राष्ट्रवादी नेता डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि को बलिदान दिवस के रूप में श्रद्धापूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय लोगों ने भाग लेकर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर उपस्थित वक्ताओं ने उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान को याद किया। खलारी मंडल भाजपा के उपाध्यक्ष राजू गुप्ता ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी राष्ट्र की एकता, अखंडता और सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के प्रबल समर्थक थे। उन्होंने देशहित में अपना सर्वस्व समर्पित कर दिया और उनके विचार आज भी देशवासियों को प्रेरित करते हैं। उन्होंने कहा कि डॉ. मुखर्जी एक महान शिक्षाविद्, प्रखर विचारक तथा जनसंघ के संस्थापक थे, जिनकी दूरदर्शी सोच ने भारतीय राजनीति को नई दिशा दी। कार्यक्रम में भाजपा नेता ए.के. प्रजापति, कमलेश महतो, विमलेश प्रजापति, उमा प्रजापति, संजू देवी, रीता देवी, अंबिका कुमार, राहुल कुमार, बॉबी कुमार सहित कई भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन उनके बताए मार्ग पर चलने के संकल्प के साथ किया गया।

### सामाजिक सुरक्षा विषय पर झारखंड प्रदेश एंबुलेंस कर्मचारी संघ की बैठक संपन्न



**धनबाद।** बुधवार को लक्ष्मी नारायण ट्रस्ट हॉस्पिटल, धनबाद में झारखंड प्रदेश एम्बुलेंस कर्मचारी संघ (संबद्ध भारतीय मजदूर संघ) की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता संघ के प्रदेश अध्यक्ष श्री नीरज तिवारी जी द्वारा की गई। बैठक में मुख्य रूप से झारखंड राज्य में संचालित 108 एम्बुलेंस सेवा में कार्यरत कर्मचारियों के श्रमिक अधिकार, सामाजिक सुरक्षा एवं सेवा संबंधी विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। बैठक में विशेष रूप से कर्मचारियों की नियुक्ति प्रक्रिया, श्रम नियोजन के अंतर्गत अधिकार, न्यूनतम वेतन, भविष्य निधि (पीएफ), कर्मचारी राज्य बीमा (ईएसआई), अवकाश, बोनस तथा अन्य वैधानिक सुविधाओं को सुनिश्चित कराने के विषय पर चर्चा की गई। बैठक के दौरान यह चिंता व्यक्त की गई कि वर्तमान समय में अनेक कर्मचारियों को श्रम कानूनों एवं सरकार द्वारा निर्धारित नियमों के अनुसार मिलने वाली सुविधाएं पूर्ण रूप से प्राप्त नहीं हो रही हैं। कर्मचारियों को उनके वैधानिक अधिकार दिलाने एवं समस्याओं के समाधान हेतु आगामी रणनीति पर भी विचार-विमर्श किया गया। संघ द्वारा झारखंड सरकार से आग्रह किया गया कि वर्तमान सेवा प्रदाता संस्था सम्मान फाउंडेशन का कार्यकाल समाप्त होने के उपरांत 108 एम्बुलेंस सेवा संचालन हेतु जिस भी नई संस्था का चयन किया जाए। उसके वित्तीय, तकनीकी एवं प्रशासनिक रिकॉर्ड की गहन जांच की जाए। बैठक में कर्मचारियों द्वारा यह मांग की गई कि नई सेवा प्रदाता संस्था के चयन में कर्मचारियों के हितों, सामाजिक सुरक्षा एवं श्रमिक अधिकारों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए,ताकि भविष्य में कर्मचारियों का शोषण न हो तथा राज्य की आपातकालीन स्वास्थ्य सेवा सुचारू एवं बेहतर तरीके से संचालित होती रहे। बैठक में यह भी चर्चा की गई कि अप्रैल 2026 से 108 एम्बुलेंस कर्मचारियों का वेतन भुगतान लंबित है। इस संबंध में संघ के प्रदेश अध्यक्ष नीरज तिवारी जी द्वारा एनजीओ सेल के नोडल पदाधिकारी श्री राहुल किशोर जी से जानकारी लेने हेतु वार्ता की गई।

